
नव भारत
1934 से
भोपाल 70वां वर्ष संस्करण

## एक नजर में



### दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के आए झटके

**नयी दिल्ली.** दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गुरुवार पूर्वाह्न नौ बजकर पांच मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किये गए. रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.4 मापी गयी. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद, जींद, रोहतक, भिवानी, झज्जर, बहादुरगढ़ समेत कई शहरों में भूकंप के झटके महसूस किए गए. भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में था. भूकंप से कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की कोई रिपोर्ट सामने नहीं आयी है.

### मुंबई में 2.5 करोड़ की हेरोइन जब्त

**नयी दिल्ली.** मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल को ड्रग्स के खिलाफ दो बड़ी कामयाबी मिली है. क्राइम ब्रांच की आजाद मैदान यूनिट और कांदिवली यूनिट ने अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर 2.5 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन, चरस और एमडी ड्रग्स जब्त की है. इस कार्रवाई में एक इंजीनियर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. कार्रवाई में अंधेरी पश्चिम के लोखंडवाला क्षेत्र में एक गुप्त सूचना के आधार पर इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियर एस. खान के घर पर छापा मारा.

# बिहार में जारी रहेगा वोटर सत्यापन

**21** जुलाई तक जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश | **28** जुलाई को सुको के पीठ के समक्ष किया जाये सूचीबद्ध | **24** जून को चुनौती देने वाली याचिकाओं को रद्द करने की मांग

- सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम रोक का कोई नहीं दिया आदेश
- वोटर आईडी, राशन कार्ड को पहचान पत्र मानें : ईसी

**नयी दिल्ली, 10 जुलाई. उच्चतम न्यायालय ने बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर गुरुवार को कोई अंतरिम स्थगन आदेश जारी न करते हुये चुनाव आयोग को 21 जुलाई तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया. साथ ही, आयोग से कहा कि वह मतदाताओं की पहचान साबित करने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड और मतदाता**



**फोटो पहचान पत्र को स्वीकार्य दस्तावेजों के रूप में अनुमति देने पर विचार करे.**

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर से दायर याचिका पर यह निर्देश दिया. शीर्ष अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 28 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है और उससे एक सप्ताह पहले तक चुनाव आयोग से हलफनामा दायर करने को कहा है.

पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद अपने निर्देश में कहा, मामले की सुनवाई जरूरी है. इसे 28 जुलाई को उपयुक्त पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाये. उससे एक सप्ताह पहले या 21 जुलाई को हलकनामा दाखिल किया जाये. पीठ ने सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग से कहा कि वह आगामी विधानसभा चुनावों से पहले बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में मतदाताओं की पहचान साबित करने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड और मतदाता फोटो पहचान पत्र को स्वीकार्य दस्तावेजों के रूप में अनुमति देने पर विचार करे.

अदालत ने याचिकाकर्ताओं की ओर से विशेष गहन पुनरीक्षण पर अंतरिम रोक की कोई मांग नहीं किये जाने के मद्देनजर अंतरिम रोक का कोई आदेश नहीं दिया. न्यायालय ने हालांकि चुनाव आयोग से बार-बार पूछा कि वह पहचान साबित करने के एक साधन के रूप में आधार को कैसे अस्वीकार कर सकता है. मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कराने के संबंध में चुनाव आयोग के 24 जून को जारी आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं में पुनरीक्षण को अव्यावहारिक और मनमाना बताते हुए इसे रद्द करने की मांग शीर्ष अदालत से की गयी है.

> यह मांग करते हुए कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा, राष्ट्रीय जनता दल सांसद मनोज कुमार झा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) सांसद सुप्रिया सुले, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, झारखंड मुक्ति मोर्चा सांसद सरफराज अहमद और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के दीपांकर भट्टाचार्य ने याचिकायें दायर की हैं.

# पांच देशों की ऐतिहासिक यात्रा के बाद स्वदेश लौटे प्रधानमंत्री



**नयी दिल्ली, 10 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की पांच देशों की कूटनीतिक यात्रा पूरी कर स्वदेश लौट आए. विदेश मंत्रालय ने इस यात्रा को ऐतिहासिक और अत्यंत सफल बताया है.**

इस दौरान पीएम मोदी को चार देशों के सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त हुए. घाना ने उन्हें 'ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना', ब्राजील ने 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस', त्रिनिदाद एंड टोबैगो ने 'ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक' और नामीबिया ने 'ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस' से नवाजा. यह प्रधानमंत्री मोदी का 27वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है, जो भारत की बढ़ती वैश्विक साख का प्रतीक है. प्रधानमंत्री ने त्रिनिदाद, नामीबिया और घाना की संसदों को संबोधित किया. अब तक वे 17 विदेशी संसदों में भाषण दे चुके हैं, जो भारत के किसी भी प्रधानमंत्री द्वारा किया गया अब तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड है. इस यात्रा ने ग्लोबल साउथ में भारत की भूमिका को नई मजबूती दी है.

# सीएम डॉ. यादव आज करेंगे निवेशकों से संवाद

## शहरी विकास के ब्लूप्रिंट और भविष्य की योजनाओं पर केंद्रित होगा कॉन्क्लेव

**भोपाल, 10 जुलाई, 2025 मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 11 जुलाई को इंदौर स्थित ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 - सिटीज ऑफ टुमॉरो का शुभारंभ करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव कॉन्क्लेव में होटल, पर्यटन, रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों के प्रमुख निवेशकों से संवाद करेंगे. यह आयोजन प्रदेश में शहरी विकास के ब्लूप्रिंट और भविष्य की योजनाओं पर केंद्रित रहेगा.**



इस उच्च स्तरीय आयोजन में देश के 1500 से अधिक निवेशकों, उद्योगपतियों, कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों की सहभागिता होगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 1.30 बजे कॉन्क्लेव स्थल पर पहुँचकर एक्जीबिशन का अवलोकन करेंगे, उसके बाद विशिष्ट अतिथियों के साथ बैठक करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 10 बजे दीप प्रज्वलन के साथ कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे.

कॉन्क्लेव में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और नगरीय प्रशासन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे. आयोजन में क्रेडाई, नगर निगम, आईडीए, स्मार्ट सिटी, हाउसिंग बोर्ड, मैट्रो, हुडको, एलआईसी सहित कई संस्थाओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी.

> **शहरीकरण में निवेश के अवसर**
>
> प्रदेश में मेट्रो, ई-बस, मल्टीमॉडल हब, अफोर्डेबल हाउसिंग, वॉटरफ्रंट डेवेलपमेंट, सीवेज नेटवर्क, ई-गवर्नेंस, स्वच्छ ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, स्मार्ट रोड्स जैसे क्षेत्रों में निवेश की असीम संभावनाएँ हैं. प्रदेश में अफोर्डेबल हाउसिंग में 8 लाख 32 हजार से अधिक किफायती आवास तैयार किये जा चुके हैं और 10 लाख से अधिक नए आवासों पर कार्य चल रहा है.

# चार राज्यों के 20 अहम मुद्दों पर चर्चा

- अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक
- रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की हुई 27वीं बैठक

**नयी दिल्ली, 10 जुलाई. पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक गुरुवार को रांची स्थित होटल रेडिसन ब्लू में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित की गई. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का गुलदस्ता और एक पेंटिंग देकर स्वागत किया. वहीं अन्य अतिथियों का भी सीएम ने पौधा देकर स्वागत किया.**



इस अहम बैठक में झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल राज्यों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया. चारों राज्यों के बीच अंतरराज्यीय समन्वय से जुड़े 20 महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई.

बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य समेत कई वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी शामिल हुए. झारखंड की ओर से विभिन्न विषयों पर राज्य का पक्ष रखने के लिए 15 वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस अधिकारी उपस्थित रहे.

बैठक में मयूराक्षी डैम जल विवाद, फुलबाड़ी डैम की लागत साझा करने, बिहार के इंद्रपुरी जलाशय परियोजना, गाद प्रबंधन नीति, गांवों में बैंकिंग सुविधा, पोक्सो और दुष्कर्म मामलों की त्वरित जांच, फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थिति और इमरजेंसी सेवा 112 के क्रियान्वयन जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा हुई.





Upgrade to the best of German-engineering

Acclaimed 7-speed DSG and 6-speed manual transmission options | Segment-first ventilated electric twin front seats
Exceptional sound with in-built Amplifier and Subwoofer | 6 airbags as standard

GLOBAL NCAP | 4 EVER CARE** 4 year Standard Warranty, 4 year Road Side Assistance, 3 Free Services | Exchange through Certified Pre-Owned | Additional Scrappage Benefits*** | Available across GeM, CSD & KPKB | Call 1800 102 0909 | volkswagen.co.in

Images are for representation purpose. The dark shade on the glass is due to the lighting effect. Features and accessories shown may not be part of the standard equipment and are subject to change without prior notice. The actual car colour may vary. ^^Total benefits up to ₹2 50 000 applicable on Taigun GT Plus DSG Chrome (VIN24), inclusive of all benefits including dealer benefits. ^Combined exchange and loyalty benefit up to ₹1 00 000 applicable on select variants of Taigun and Virtus. Corporate and loyalty benefits cannot be clubbed. ^^^Special service value package benefit at the sole discretion of the dealer. 1% cess extra for Kerala. **Labour charges free for service applicable on mileage of 1 000, 7 500 and 15 000 kilometers. *** Additional scrappage benefits up to ₹20 000.

**Authorised Dealers: Volkswagen Bhopal:** 9669697970, 8889677731; **Volkswagen Indore:** 9669694949, 0731-4002201, 0731-4002202; **Volkswagen New City Store Indore:** 8889622289, 9669694947; **Volkswagen Ratlam:** 9669694949, 7869917727; **Volkswagen Jabalpur:** 9522669898, 8815108056; **Volkswagen Gwalior:** 8966905703, 8966905701; **Volkswagen Raipur:** 6262000711, 6262000706.